कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री सोभागसिंह निवासी म.नं. 245, आमागढ वैधपुरी सोनी स्टोन के पीछे, शीतला माता मंदिर के सामने , ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर महानगर

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी(भू अभिलेख) कलैक्ट्रेट दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 73/2021

निर्णय दिनांक 06.10.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी(भू अभिलेख) कलैक्ट्रेट दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी प्रभारी अधिकारी (भू अभिलेख) कलैक्ट्रेट दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी(भू अभिलेख) कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, प्रभारी अधिकारी(भू अभिलेख) कलैक्ट्रेट दौसा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2021/1978 दिनांक 20.09. 2021 के द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी प्रभारी अधिकारी (भू अभिलेख) कलैक्ट्रेट दौसा जिला दौसा द्वारा पत्र क्रमांकःभू0अ0/आरटीआई/2021/5260 दिनांक 04.10.2021 के द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को दिनांक 27.8.2021 एवं 21.9.2021 के द्वारा सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ठ होता है कि अपीलांट को सूचना के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा